# श्री दिगम्बर जैन महासमिति

श्री दिगम्बर जैन समाज की संसद

पत्रिका

**श्री दिगम्बर जैन महासमिति का लक्ष्य - संगठित समाज**




**श्री दिगम्बर जैन महासमिति के सदस्यों के वितरण हेतु पत्रिका**

# श्री दिगम्बर जैन महासमिति की सदस्यता शुल्क का विवरण

| श्रेणी (CATEGORY) | धनराशि (AMOUNT) | (अवधि PERIOD) |
|---|---|---|
| विशिष्ट शिरोमणि संरक्षक | 100000.00 | आजीवन |
| शिरोमणि संरक्षक | 51000.00 | आजीवन |
| संरक्षक | 11000.00 | आजीवन |
| विशिष्ट सदस्य | 5100.00 | आजीवन |
| सहयोगी सदस्य | 3100.00 | आजीवन |
| सम्मानीय सदस्य | 1100.00 | आजीवन |
| साधारण सदस्य | 500.00 | (पाँच वर्ष हेतु) |

## आवश्यक सूचना

1. पत्रिका शुल्क सदस्यों के लिए 500/– रू वार्षिक देय होगा।
2. सदस्यता पहचान पत्र शुल्क अतिरिक्त 100/– रू देय होगा।
3. अधिक जानकारी एवं सदस्यता फार्म के लिए निम्न पते पर सम्पर्क कर सकते हैं।


धरणेन्द्र कुमार जैन
राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष
70, कैलाश हिल्स, नई दिल्ली–110065
मो. 8826578600, 9999495706


## सदस्यता शुल्क एवं सहयोग के लिए
## बैंक खाते का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| Bank Account Detail of | : | Shree Digamber Jain Mahasamiti |
| Account No | : | 10170001973962 |
| Branch | : | Bandhan Bank, East Patel Nagar, Delhi-110008 |
| IFSC Code | : | BDBL0001498 |

वर्ष 5 - अंक 4

सितंबर 2021

Title Code : DELBIL11586

# श्री दिगम्बर जैन महासमिति

सामाजिक, साहित्यिक, राष्ट्रीय चेतना की संदेशवाहक एक मात्र मासिक पत्रिका

राष्ट्रीय अध्यक्ष
डॉ मणीन्द्र जैन
9810043108

राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष
श्रीमती शीला डोडिया

राष्ट्रीय महामंत्री
प्रवीन कुमार जैन (लोनी)
मो. 9811227718, 9711227718

राष्ट्रीय महिला महामंत्री
संगीता कासलीवाल

प्रधान सम्पादक
धरणेन्द्र कुमार जैन
मो. 8826578600, 9999495706
ईमेल : dkjdhir@gmail.com

महिला सम्पादक
1. डॉ. ममता जैन, पूना, मो. 8668734864
2. निर्मल जैन पाण्डया, अजमेर, मो. 8619531143

संपादक (विदेश)
कुँवर पाल शाह U.S.A.

स्वत्वाधिकारी व प्रकाशक
डॉ मणीन्द्र जैन

मुद्रक : रचना सिंडिकेट
बी. एस. सागवान
मो. 8178438390
सुन्दर नगरी, दिल्ली-110093

## मुख्य कार्यालय
Shree Digamber Jain Mahasamiti
70, Kailash Hills New Delhi-110065
Mobile : 9810043108,8826578600
E-mail : sdjmsnational@gmail.com

## विषय सूची

1. सम्पादकीय ..... 2
2. मनुष्य वही है ....... 4
3. परम शिरोमणि ..... 5
4. सघन वृक्षारोपण ..... 6
5. श्री दिगम्बर जैन महासमिति ..... 7
6. श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति ..... 8
7. श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति.. 9
8. पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ..... 10
9. अतिशय क्षेत्र बस्सी .. 11
10. श्री दिगंबर जैन महासमिति आगरा संभाग.. 12
11. शिक्षिकाओं का सम्मान...... 13
12. विश्व मैत्री .. 14
13. पर्युषण पर्व के अवसर पर .... 15
14. डॉ. रिचा जैन.... 16

लेखक के विचारों से सम्पादक या इसकी प्रकाशन संस्था श्री दिगम्बर जैन महासमिति का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

सम्पादकीय

# 'पर्युषण' जैन संस्कृति का जगमगाता पर्व



**जैन धर्म मैं दशलक्षण पर्व या पर्युषण पर्व का सर्वाधिक महत्व माना गया है** जैन संस्कृति के अनुसार यह पर्व वर्ष में तीन बार भादों, माघ और चैत्र के महिने में शुक्ल पक्ष की पंचमी से चतुर्दशी तक 10 दिन मनाये जाते हैं मगर भाद्र पद माह में इस पर्व को जोरशोर से भक्ति भाव से मनाया जाता है। जैन धर्म के दिगम्बर श्वेतांबर दोनो संप्रदायों में इस पर्व को मनाने की प्राचीन परंपरा है। श्वेतांबर समाज भाद्र पद कृष्णा त्रयोदशी से भाद्र पद शुक्ला पंचमी तक सिर्फ 8 दिन मनाते हैं जब कि दिगम्बर समाज में 10 दिन मनाने का प्रचलन है।

**पयुर्षण जैन संस्कृति** का जगमगाता महापर्व है। पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव, भौतिकता की चकाचौंध में मानव धर्म साधना एवं आध्यात्मिकता से विमुख हो रहा है। त्याग और तपस्या को भूलकर निरंतर भोगविलास में लिप्त है। जैन धर्म कहता है विभाव में लिप्त मानव को स्वभाव में लाने दस वैज्ञानिक प्रक्रियाओं का ज्ञान कराना आवश्यक है। आचार्य कुन्द कुन्द स्वामी के अनुसार उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य का संकल्प पूर्वक पालन विभाव को समाप्त कर स्वभाव में व्यक्ति को आकर्षित करने की सरल विधियां है। दशलक्षण धर्मों को हम जानने का प्रयास करें ।

**1. उत्तम क्षमा धर्म–** मैं सभी जीवों को क्षमा करता हूं, सभी जीव मुझे क्षमा करें, सब जीवों के प्रति मेरे मन में मैत्री हो किसी के प्रति भी बैर न हो। किसी से कलह न हो, अगर हो जाये तो उसका तत्काल निराकरण करें। कलह को बैर में न बदलें यही गृहस्थ की उत्तम क्षमा है।

**2. उत्तम मार्दव धर्म–** आचार्य समन्तभद्र कहते हैं कि हम सबके मन में आठ फन वाला एक भयंकर विषधर बैठा है जो कुल, जाति, रुप ज्ञान, धन, बल वैभव और ऐश्वर्य के अभिमान से आत्मा को जड़ता की ओर आकर्षित करता है। इन आठ मद के अधीन हो मनुष्य अपना सर्वस्व खो रहा है। मादर्व धर्म इनसे बचने की हमें प्रेरण देता है। इन पर अभिमान करना अज्ञान है।

**3. उत्तम आर्जव धर्म–** मदिरा का पात्र सौ बार अग्नि में तपाने पर भी शुद्ध नहीं होता है। अतएव कुटिलता, मायाचारी और कपट पूर्ण व्यवहार से बचने की प्रेरणा आर्जव हमें देता है। आर्जव धर्म कहता है सरलता और सदाचार को अपने जीवन का आदर्श बनाकर चलें। तभी आत्म कल्याण होगा। दूसरों को ठगने वाला कभी सुखी नहीं हो सकता।

**4. उत्तम शौच धर्म–** अपेक्षा है धन की आवश्यकता और अनिवार्यता के अन्तर को समझने की। धन जीवन का साध्य नहीं है। धन को जीवन निर्वाह का साधन मानकर चलना चाहिये मुनिश्री कहते हैं जीवन निर्वाह के लिये आवश्यक धन का संचय करो, पर उसे आसक्ति के रुप में मत लो यह उत्तम शौच धर्म है।

**5. उत्तम सत्य धर्म**— सत्य का शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता। सत्य को परमेश्वर कहा है। हम सत्य का अनुभव कर सकते हैं, उसका साक्षात्कार कर सकते हैं। सत्य की उपलब्धि ही परमात्मा की उपलब्धि है। यही उत्तम सत्य धर्म है।

**6. उत्तम संयम धर्म**— मन पर विजय पाना, विपरीत मार्ग की ओर बढ़ रही मन की प्रवृतियों को मोड़कर उन्हें सन्मार्ग की ओर ले जाने की प्रेरणा उत्तम संयम धर्म हमें देता है। विषयों की ओर आसक्ति, वासना, कषाय आदि के त्याग की प्रेरणा हमें उत्तम संयम धर्म देता है।

**7. उत्तम तप धर्म**— आत्मा की अभिव्यक्ति ही परमात्मा की उपलब्धि है। स्वर्ण पाषाण को अग्नि में तपाया जाता है तो उसकी कालिमा गलाकर स्वर्ण का शुद्ध रुप निखर जाता है! वह हमारे गले का हार बन जाता है। इसी प्रकार जो व्यक्ति तप अनुष्ठान करता है उसकी आत्मा कुन्दन बन जाती है यही उत्तम तप धर्म है।

**8. उत्तम त्याग धर्म**— धन ही जिनके जीवन का एक मात्र लक्ष्य है वे सारे जीवन धन संग्रह करते रहते हैं और जीवन के अन्त में सब कुछ यहीं छोड़कर चले जाते हैं। व्यक्ति कितना ही धनवान हो यदि वह अपनी सम्पत्ति का सदुपयोग करना नहीं जानता, उससे अभागा कोई नहीं है। कंजूसी कंगाली की पहचान है। उत्तम त्याग धर्म हमें दान देने की प्रेरणा देता है। हमें जीवन में दान करने की आदत डालना चाहिये।

**9. उत्तम आकिन्चन्य धर्म**— जब तक मन पर क्रोध, लोभ, मोह के पत्थरों का बोझ है तब तक आत्म कल्याण की चेतना जागृत नहीं होगी। उक्त चेतना को जाग्रत करने बाहर एवम् अन्दर से हल्का होना जरुरी है। इसी का नाम ही आकिन्चन्य अर्थात उत्तम आकिन्चन्य धर्म है।

**10. उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म**— विश्व के समस्त धर्मों में ब्रह्मचर्य को एक पावन और पवित्र धर्म माना गया है। यह समस्त साधनाओं का मूल आधार है। ब्रह्मचर्य को अपनाये बिना आत्मा की उपलब्धि असंभव है। ब्रह्म का अर्थ है आत्मा, आत्मा की उपलब्धि के लिये किये जाने वाला आचरण ब्रह्मचर्य है ब्रह्मचार का अर्थ है ब्रह्म यानि ईश्वर के बताये अनुसार आचरण करने वाला और भ्रमचारी का अर्थ है भ्रम में जीने वाला भ्रम टूटे बिना ब्रह्म को पाना संभव नहीं है। यही उत्तम ब्रह्मचर्य है।

–धरणेन्द्र कुमार जैन, नई दिल्ली

# मनुष्य वही है जो सबका भला करता है!



**मनुष्य** एक सामाजिक प्राणी है। इसलिए उसके लिए सभी हितों में लोकहित सबसे पहले है। यदि उसके किसी कार्य से दूसरे का अहित या नुकसान हो रहा है तो उसे वह कार्य नहीं करना चाहिए। मनुष्य को कभी स्वार्थी नहीं होना चाहिए, बल्कि हमेशा यही मानना चाहिए कि दूसरों के हितों की रक्षा करेगा तभी दूसरे भी उसके हित की रक्षा करेंगे। जिस समाज में ऐसे लोग निवास करते हैं वही समाज उन्नति करता है। जहां स्वार्थी और सिर्फ अपना हित चाहने वाले लोग रहते हैं वह समाज कभी प्रगति नहीं कर सकता। समाज ऐसे व्यक्तियों का समूह है जिसने अपने व्यक्तिगत स्वार्थों की सार्वजनिक रक्षा के लिए खुद को कुछ नियमों से बांध लिया है। इसकी विशेषता है कि यहां प्रत्येक व्यक्ति स्वभाव से स्वतंत्र भले ही हो, लेकिन समाज द्वारा बनाए गए नियमों का उसे पालन करना पड़ता है। इसलिए किसी "समाज का भविष्य तभी उज्ज्वल होगा, जब नियमों का पालन होगा।" ऐसे में व्यक्ति को समाज में रहते हुए अपने हितों की रक्षा करते समय यह ध्यान में रखना होगा कि किसी अन्य को कष्ट न पहुंचे। मनुष्य के आचरण में लोक–परलोक का चिंतन शामिल होना चाहिए और ऐसा तभी संभव होगा जब मनुष्य स्वार्थी न हो। स्वामी विवेकानन्द कहते हैं कि जगत की उन्नति में योगदान करने से वास्तव में हम लोग स्वयं उन्नत होते हैं। दुनिया में किसी को कुछ मिलता है, लेकिन किसी को भी सब कुछ नहीं मिलता है। व्यक्ति को ज्यादा की चाह नहीं करना चाहिए, बल्कि जो कुछ मिला है, उससे ही संतोष करना चाहिए। मनुष्य को कभी किसी को दुःख नहीं पहुंचाना चाहिए। अगर हम किसी को सुख नहीं पहुंचा सकते तो उसे दुःख पहुंचाने का हमें कोई अधिकार नहीं है। धर्म का मूल दया है भलाई करने से सबका भला होता है। सभी प्राणियों को सुख की अभिलाषा होती है। "**मनुष्य वही है जो सब का भला करता है**" उसका हृदय विशाल होता है। वह सभी को सुखी देखना चाहता है। अगर आपने ज्ञान से किसी अज्ञानी की मदद नहीं की, किसी रोगी का उपचार नहीं किया, किसी भटके राही को सही रास्ता नहीं दिखाया तो आपका ज्ञान अर्जित करना व्यर्थ हो जाता है। वास्तव में परोपकार और लोकहित में कार्य करना ही असल मायने में ईश्वर की सेवा करना है।

**– डॉ. मणीन्द्र जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष**

## परम शिरोमणि संरक्षक श्रीमती सुशीला पाटनी ने अपनी टीम के साथ सागर जेल हाथ करघा का किया अवलोकन।

**सागर- किशनगढ़ निवासी महिला परम शिरोमणि संरक्षक** दानवीर श्रीमती सुशीला पाटनी ने अपनी टीम के साथ केन्द्रीय जेल सागर हाथ करघा में पधारी। संरक्षक श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती शीला जैन डोडिया भी साथ रहीं।

**श्रीमती पाटनी** ने अपनी टीम के साथ केन्द्रीय जेल सागर में चल रहे हाथ करघा का अवलोकन किया। जेल के बन्दीग्रह भाइयों द्वारा बनाये जा रहें वस्त्रों का निरीक्षण किया। बन्दियों द्वारा की जाने वाली प्रार्थना को सुना और श्रीमती सुशीला पाटनी ने अपने उद्बोधन में कहा यह अहिंसा का सर्वश्रेष्ठ प्रयास है तथा अत्यन्त सराहनीय कार्य हो रहा है और कैदियों से कहा कि जो गलत कार्य आपसे हुए उनका पश्चाताप जरुर करना। रेखा दीदी ने पूरी जेल का निरीक्षण करवाया और कैदियों द्वारा किये गये कार्यो को विस्तार से वर्णन किया।







## 1 सितम्बर-जीवन में कभी न भूल पाने वाला दिन
## जैन धर्म व हमारे जीवन की अपूर्णनीय क्षति का दिन

### तृतीय समाधि पर्व पर

हृदय की गहराइयों से–अनन्त प्रणाम
श्री दिगम्बर जैन महासमिति
70, कैलाश हिल्स, नई दिल्ली–110065

# सघन वृक्षारोपण करवाकर ग्रामवासियों को दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश
# राष्ट्रीय संत श्री तरुणसागर जी महाराज के तृतीय समाधि दिवस पर किया पौधारोपण

**श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति** एवं श्री दिगम्बर जैन महासमिति अजमेर द्वारा अजमेर जिले को हराभरा करने व पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए क्रांतिकारी राष्ट्रसंत परमपूज्य गुरुदेव श्री तरुणसागर जी महाराज के तृतीय समाधि दिवस पर समिति के अध्यक्ष श्री अतुल पाटनी व वरिष्ठ उपाध्यक्ष ताराचंद सेठी अजमेर अंचल के ग्राम नरवर के राजकीय चिकित्साल्य परिसर व ग्राम की गोडविल विद्यालय आदि में एक सौ साठ पोधों को रोपकर उनकी सार संभाल की जिम्मेदारी डॉक्टर्स नर्सिंग स्टाफ विद्यालय प्रशासन व ग्राम के प्रबुद्धजनों को सौंपी गई कार्यक्रम संयोजक अतुल पाटनी ने बताया कि संजय जैन व शशि जैन व मधु अतुल पाटनी विक्रान्त राज श्री जिया जिन्दल जैन के सहयोग से उपलब्ध पोधों को विगत दस दिनों से रोपा गया जिनका लोकार्पण आज श्री दिगम्बर जैन महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्रीमती मधु पाटनी के मुख्य आतिथ्य में किया गया बताया कि पर्यावरण सुरक्षा एवं शहरों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों को हराभरा रखवाने हेतु अलग अलग स्थान पर सघन पौधारोपण जिनमें नीम गुलमोहर आदि के पौधे रोपे जा रहे हैं समीति संस्थापक श्रीमती निर्मला पाडंया व अध्यक्ष शिखा बिलाला ने बताया कि इस अवसर पर लायंस क्लब आस्था के अध्यक्ष लायन निलेश अग्रवाल व श्री दिगम्बर जैन महासमिति अजमेर के अध्यक्ष अतुल पाटनी, उपाध्यक्ष श्री ताराचंद जी सेठी, श्रीमती मधु पाटनी, डॉक्टर श्री बलवीर कुमावत व ग्रामवासी आदि मौजूद रहे युवा संभाग की मंत्री सोनिका भैसा ने सभी सहयोगियों का आभार प्रकट किया "**इंडिया नही भारत**" बोलें का बोर्ड नरवर स्कूल में लगवाया गया अंत में अस्पताल प्रशासन व ग्रामवासीयों ने रोपे गए पोधे की सार संभाल की जिम्मेदारी ली। .

**- मधु पाटनी**
**अध्यक्ष**





# श्री दिगम्बर जैन महासमिति मुरादाबाद के तत्वावधान में जरुरत मंद छात्र-छात्राओं को कपड़े वितरित किए गये।

**14 सितम्बर, श्री दिगम्बर जैन महासमिति की** तरफ से नवीन राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय–देवपुर में, जरुरतमंद छात्र छात्राओं को कपड़े आदि वितरित किए गए और उन्हें मास्क, सोशल डिस्टेसिंग, सफाई अभियान योजना आदि के बारे में बताया गया जिसमें उत्तर–प्रदेश अध्यक्ष श्री अनिल जैन मुरादाबाद, मंडलाध्यक्ष श्रीमती ममता जैन, कोषाध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन, सम्मानित सदस्य श्रीमती शिखा जैन एवं प्रिया जैन का विशेष सहयोग रहा।





---

# श्री दिगम्बर जैन महासमिति महिला संभाग गुना (म.प्र.) के तत्वावधान में दशलक्षण पर्व पर किया छोटे जैनमन्दिर में खुला प्रशन मंच का आयोजन।





# श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति
# अशोक नगर संभाग द्वारा
# मोनिका जैन को पढ़ाई में सहयोग

**श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति अशोक नगर संभाग** द्वारा कु. मोनिका जैन पुत्री श्री नरेश जैन को क्लास में कॉमर्स विषय के साथ एडमीशन की सम्पूर्ण फीस के साथ एडमीशन कराया तथा पूरे वर्ष जो भी पढ़ाई तथा फीस का जो भी खर्चा आयेगा उसे **श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति अशोक नगर संभाग** वहन करेगी।







**माननीय श्री ओम प्रकाश सखलेचा जी उद्योग मंत्री मध्य प्रदेश सरकार के साथ भोपाल में डॉ. मणीन्द्र जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दिगम्बर जैन महासमिति।**

# श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति ने दिया
# 71 वीं बालिका के विवाह हेतु सहयोग
# लाडो खुशी खुशी जायेगी ससुराल

**श्री दिगम्बर जैन महासमिति महिला एवं युवा महिला संभाग** की नाका मदार इकाई के सहयोग से एवं समिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्रीमती मधु पाटनी के मुख्य आतिथ्य में आज एक जरुरतमंद बालिका के विवाह में सहयोग किया गया, जिसके पिता का बालिका के बचपन में ही स्वर्गवास हो गया था। माता घर घर काम करके खर्चा चला रही है। बच्ची की शादी के लिये जब समिति से गुहार की तो मदार इकाई ने इस काम को करने की सहज ही स्वीकृति दे दी। आज इस जरुरतमंद महिला को बालिका के लिए उसके विवाह एवं विवाह उपरांत गृहस्थ जीवन में कार्य आने वाली सभी सामग्री भेंट की गई। समिति की मदार इकाई की मंत्री सारिका जैन ने बताया कि इस अवसर पर कुकर, ओवन, गैस, 21साडियां, बेस, डबल बैड की चद्दरें, कंबल शाल सभी तरह के स्टील के बर्तन, डिब्बा चाँदी की पायल, विछिया, आर्टिफिशियल ज्वैलरी मेकअप का सामान व परिवारजनों के कपडे, सभी तरह के गिफ्ट आइटम आदि देकर सहयोग किया। इकाई अध्यक्ष प्रीति जैन ने बताया कि इस अवसर पर समिति की मंत्री सोनिका भैसा, कोषाध्यक्ष श्रीमती सुषमा पाटनी, श्रीमती भावना बाकलीवाल व महिला प्रकोष्ठ मंत्री अनीता बड़जात्या, व मदार इकाई की सदस्यएं मोजूद रहीं युवा संभाग अध्यक्ष मधु पाटनी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

**- प्रीति जैन, इकाई अध्यक्ष**





**कुछ कमियाँ मुझमें थीं, कुछ कमियाँ लोगों में थीं।**
**फर्क सिर्फ इतना था, वो गिनते रहे, हम नजरअन्दाज करते रहे।**

# पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य का किया सकल जैन समाज ने सम्मान

**दिनांक 4 सितम्बर** दिन शनिवार को झांसी निवासी पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य जो कि लगभग 3 वर्ष बाद जिनका नागपुर में आगमन हुआ। प्रेस क्लब, सिविल लाइन में पत्रकार वार्ता लेने के पश्चात डॉ. रिचा जैन के निवास स्थान टेलिफोन एक्सेन्ज पर सत्कार किया गया। इस अवसर पर प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि इतने वर्ष बाद नागपुर में आकर मुझे बहुत खुशी महसूस हुई, की आप यहां सकल जैन समाज के सभी वरिष्ठ प्रतिनिधि उपस्थित हैं। मै यह मानता हूँ कि, यह प्रतिनिधि मंडल मे हर एक व्यक्ति अपने आप में सौ व्यक्ति के बराबर है। अब वह समय है की मुनि सेवा एवं सुरक्षा के लिए जहां जहां भारतीय जनता पार्टी की सरकार हैं वहां पर सभी हमारे मुनियों को गमन के समय सुरक्षा मिलनी चाहीए। साथ ही आज जैन समाज में राजनिति में रूची कम होती जा रही है पर हमे अपने समाज मे प्रतिभावान व्यक्तियों को ढूंढकर उनका साथ देकर हमे उन्हे राजनिती में कार्पोरेट से लेकर विधायक एवं सांसद तक संपूर्ण सहयोग करना चाहिए इसी के साथ सभी को एक ही स्थान पर एकत्रित करने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया।

**इसी के साथ** डॉ रिचा जैन द्वारा प्रदीपजी का परिचय दिया गया तीर्थक्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय महामंत्री श्री संतोष पेंढारी ने कहा की प्रदीप जैन आदित्य ही वह व्यक्तित्व है, जिनके प्रयास से ही जैन समाज को मायनॉरिटी का दर्जा मिला। इस अवसर पर झांसी से सुनिल खजुरिया, अनिल बट्टा, अमिताभ निगम सुजित भारती, श्री दिगम्बर जैन महासमिति के महाराष्ट्र के अध्यक्ष श्री सुनिल पेंढारी, आनंदरावजी सवाने, हरीश जैन मौदा, श्री दिगम्बर जैन महासभा राष्ट्रीय सचिव सतीश पेंढारी, विदर्भ अध्यक्ष सुरेश आगरेकार विदर्भ महामंत्री दिलीप राके, पुलक मंच परिवार के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मनोज बंड, महावीर वार्ड शखा के अध्यक्ष शरद मचाले, रमेश उदापुरकर, प्रदीप तुपकर, कुलभूषन डहाले, महावीर यूथ क्लब के केंद्रिय अध्यक्ष दिनेश सावलकर, महामंत्री प्रशांत मानेकर, चंन्द्रप्रभु दिगंबर जैन ट्रस्ट के महासचिव जैन मामु, नेहरु पुतला दिगम्बर जैन मंदिर से सुरेश डायमंड, जैन सभा महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती रजनी जैन, पुलक मंच गांणीबाग शाखा के महामंत्री नीलम जैन, कार्यक्रम का संचालक मनोज बंड द्वारा किया गया आभार प्रदर्शन श्री दिगम्बर जैन महासमिति की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पुलक मंच परिवार की राष्ट्रीय मंच कार्याध्यक्ष डॉ. रिचा जैन द्वारा दिया गया सकल जैन समाज हमेशा इसी तरह एकता का परिचय देती रहेगी।

**- डॉ. रिचा जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नागपुर (महाराष्ट्र)**





# अतिशय क्षेत्र बस्सी की पावन धरा हुई धन्य

**श्री दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणीन्द्र जैन** का अतिशय क्षेत्र बस्सी पर विराजमान आचार्य श्री 108 गिरनार सागर जी गुरुदेव दर्शनार्थ कर क्षेत्र के विकास कार्यों का अवलोकन किया एवं अपने विचारों से क्षेत्र को नई दिशा दी। क्षेत्र प्रबन्धक श्री नितिन जैन एवं क्षेत्र आर्किटेक्ट श्री नमन जैन एवं पदाधिकारियों द्वारा पगड़ी बाँधकर सम्मान किया गया। आचार्य श्री 108 गिरनार सागर जी महाराज द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष को आशीर्वाद प्रदान किया।





# 108 श्री अजीत सागर जी महाराज संघ के दर्शनार्थ का आगमन

**नगर मुंगावली में श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति** की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती शीला जी डोंडिया एवं संरक्षक श्रीमती सुशीला जी पाटनी का परम पूज्य 108 श्री अजीत सागर जी महाराज संघ के दर्शनार्थ का आगमन हुआ इस अवसर पर मध्यांचल मंत्री श्रीमती अल्पना सर्राफ एवं मुंगावली संभाग की अध्यक्ष श्रीमती बंदना फट्टा एवं मंत्री श्रीमती आराधना जैन एवं समिति की सभी बहनों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति श्रीमती शीला जैन डोडिया एवं श्रीमती सुशीला जी पाटनी परम शिरोमणि संरक्षक श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति का प्रतीक चिन्ह, शाल एवं श्रीफल द्वारा स्वागत किया गया।





श्री दिगम्बर जैन महासमिति आगरा संभाग द्वारा छीपीटोला दिगम्बर जैन मंदिर में 12 सितंबर को श्री वीर सागर जी महाराज, श्री विशाल सागर जी महाराज एवं श्री धवल सागर महाराज जी के सानिध्य में मंगलाचरण व सामूहिक पूजा की गई। अध्यक्ष श्रीमती अमिता जैन उपाध्यक्ष श्रीमती आशा सोनी कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रेम पाटनी का विशेष सहयोग रहा।

- शशि बैनाड़ा, मंत्री







---

सागर नेमी जैन कॉलोनी मंदिर इंदौर के प्रांगण में आचार्य डॉ प्रणाम सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में समाज को संबोधित करते हुए श्री दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मणीन्द्र जैन





# शिक्षिकाओं का सम्मान कर बच्चों को दिए उपहार
# श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति ने किया शिक्षिकाओं का सम्मान

**श्री दिगम्बर जैन महासमिति महिला एवं युवा महिला अजमेर** द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र जवाहर नगर द्वितीय नन्दघर में संचालित खुशी परियोजना के तहत चौबीस बच्चों का नामांकन हैं पर शिक्षक दिवस मनाया गया साथ ही उपस्थित अभिवावकों के सम्मुख बच्चों को उपहार दिए गए श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्रीमती मधु पाटनी ने बताया कि आंगनवाड़ी मित्र श्रीमती ललिता रावत कार्यकर्ता पिंकी शर्मा सह कार्यकता रचना शर्मा आदि का समिति सदस्याओं का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर, श्रीफल भेंट करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर उपस्थित सभी नन्हे मुन्ने बच्चे फेंसी ड्रेस पहनकर आये व आकर्षक एवं मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी इस अवसर पर बच्चों को समिति द्वारा फल, खाद्य सामग्री के साथ टॉफ़ीज़ का वितरण किया गया सभी बच्चे उपहार पाकर बहुत खुश नजर आए समिति की सर्वोदय कॉलोनी इकाई की मंत्री श्रीमती रेणु पाटनी ने बताया कि इस अवसर पर समिति कोषाध्यक्ष श्रीमती सुषमा पाटनी, श्रीमती अनामिका सुरलाया सहित सभी बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

**- रेणु पाटनी, इकाई मंत्री**





विश्व मैत्री एवं
क्षमापना दिवस
आचार्यश्री गुणधरनंदी जी महाराज
आचार्यश्री पुलकसागरजी महाराज
डॉ. आचार्यश्री प्रणामसागरजी महाराज
पूज्य श्री नयपद्म सागरजी म. साहेब
आचार्य शैलेश तिवारी जी (वैदिक तंत्रगुरू)
मा. डॉ. उमेर अहमद इलियासी जी
श्री भिक्कू सैना जी
फादर एम. डी. थॉमस जी
मा. श्री नितिन गडकरी जी (मंत्री- सड़क परिवहन व राजमार्ग जहाजरानी)
मा. श्री मुख्तार अब्बास नक़वी जी (केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री)
मा. श्री शिवराज सिंह चौहान जी (मुख्यमंत्री- मध्यप्रदेश)
मा. श्री विजय रुपाणी जी (पूर्व मुख्यमंत्री- गुजरात)
मा. श्री ओमप्रकाश सकलेचा जी (उद्योग मंत्री- मध्यप्रदेश)
मा. श्री कवीन्द्र गुप्ता जी (पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व उप. मुख्यमंत्री, J&K)
संयोजक
डॉ. मणीन्द्र जैन (अध्यक्ष- श्री दिगम्बर जैन महासमिति)
भव्य प्रसारण
श्री घेवरचंद बोहरा जी (अध्यक्ष- JIO)
रविवार, 26 सितम्बर 2021 को दोपहर 12:10
जैन संस्कृति पर आधारित विश्व का सर्वप्रथम सैटेलाइट टी.वी. चैनल
पारस
TATA sky Channel No 1059
dishtv Channel No 1109
airtel Channel No 685
videocon d2h Channel No 1217
DEN SATELLITE Channel No 266
GTPL Channel No 561
SUN Channel No 782
Available On RELIANCE BIG TV
Available On JioTV STREAMING
hathway एवं अन्य सभी केबल नेटवर्क पर उपलब्ध

पर्युषण पर्व के अवसर पर श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति जिला रामपुर मुरादाबाद मंडल द्वारा रथ यात्रा व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इस अवसर पर महासमिति के उद्देश्य और कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला गया।

- श्रीमती ममता जैन,
मंडल अध्यक्ष, मुरादाबाद







बहुत अधिक बारिश होने के कारण गुना नगर (म.प्र.) की गायों पर आया बहुत बड़ा संकट जिसमें नौ गायों की मौत हो गई और कई गायों का स्वास्थ्य ठीक न होने पर श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति गुना द्वारा औषधि हेतु 5100/- रु दिये।






# डॉ. रिचा जैन को मिला आउट स्टैंडिंग एज्युकेशन अवॉर्ड

**मुंबई झोरॉस्टियन कॉलेज** जिसकी प्रिन्सीपल मेहर मुस मैडम जो लगभग 35 साल से इस कॉलेज को चला रही हैं और अभीतक उनके अंडर में हजारों लोगों की पी.एच.डी हो चुकी है एवं इस वर्ष भी ऑनलाइन अवॉर्ड दिए गए। डॉ. मंजु स्पीरिच्युअल हिलींग भक्तांबर पर पीएचडी की सेंटर हेड है।

**डॉ. अर्चना जैन** ने **6** पी.एच.डी को गाईड किया है एवं डॉ. रिचा जैन जेड.सी. जैन डिपार्टमेन्ट भक्तांबर डिव्हीजन की असेसर बनी। जिसकी अंडर में 6 भक्तांबर जैनिज्म के उपर **6** पी.एच.डी अवॉर्ड हुए। इस अवसर पर रशियन सेंटर सायन्स एन्ड कल्चर मुंबई में अवॉर्ड सेरेमनी आयोजित की गई। जिसमें डॉ. रिचा जैन को आउट स्टैंडिंग एज्युकेशन अवॉर्ड कॉलेज के प्रेसीडेन्ट मेहर मुस मैडम एवं गवर्नर बोर्ड मेम्बर द्वारा दिया गया। यह अवॉर्ड 12 सितंबर 2021 को विनय जैन एवं अर्चना जैन द्वारा पुलक श्रावक आश्रम में रिचा जैन को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलक मंच परिवार द्वारा आदेश जैन ने रिचा जैन की लाइफ सक्सेस का इण्टरव्यू भी लिया। जो फेसबुक एवं YOU TUBE पर 13 जुलाई को रिले किया गया। इस अवसर पर पुलक मंच परिवार से राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मनोज बंड, श्रीमती प्रिया बंड, नरेश मचाले, डॉ. नरेन्द्र भुसारी, पत्रकार रविन्द्र भुसारी एवं मोना जैन काले, निरज पलसापुरे, प्रतिभा नखाते आादि सभी अतिथि उपस्थित थे।

**अभी गत वर्ष** **6** लोगों को पीएचडी भक्तांबर ग्रुप द्वारा पूरी करायी गई। आगे भी 12 पीएचडी अंडर प्रोसेसिंग है। यदि और कोई भी स्पीरिच्युअल मंत्रों पर पीएचडी करना चाहता है, तो वे इस भक्तांबर ग्रुप से संपर्क कर सकते है।

-धरणेन्द्र कुमार जैन, नई दिल्ली



# पर्युषण महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त देशवासियों से आत्म शुद्धि के महापर्व 'क्षमावणी' पर विगत वर्ष में जाने-अनजाने अथवा प्रमादवश हुई भूलों के लिए क्षमा प्रार्थी हैं।

## 'क्षमा' का गुण अपनाएं-अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाएं



डॉ. मणीन्द्र जैन
राष्ट्रीय अध्यक्ष



श्रीमती शीला डोडिया
राष्ट्रीय अध्यक्ष
श्री दिगम्बर जैन
महिला महासमिति



कमल पाटनी
राष्ट्रीय संयोजक



प्रवीन कुमार जैन
राष्ट्रीय महामन्त्री



धरणेन्द्र कुमार जैन
राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष



संगीता कासलीवाल
राष्ट्रीय महिला महामन्त्री



डॉ. वन्दना जैन
राष्ट्रीय महिला कोषाध्यक्ष

**समस्त पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण**
**श्री दिगम्बर जैन महासमिति**

सितंबर 2021

पंजीकरण संख्या : S-33/29-11-2017 डाक पंजीकरण संख्या : DL(E)-20/5535/2018-20




आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी के चरणों में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी चौहान नमोस्तु करते हुए।

श्री दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मणीन्द्र जैन उनकी धर्मपत्नि श्रीमती अलका जैन, श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति की महामंत्री श्रीमती संगीता कासलीवाल महाराष्ट्र के गवर्नर श्री भगत सिंह कोश्यारी को गुलदस्ता भेंट करते हुए रक्षाबंधन के पावन पर्व पर राखी बांधने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ।







*If undelivered please return to :*

70, Kailash Hills New Delhi-110065
Mob. :- 9810043108, 8826578600